भारत सरकार
कौशल विकास और उद्‌यमशीलता मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 169

उत्तर देने की तारीख 3 फरवरी, 2025
सोमवार, 14 माघ 1946 (शक)

कालाहांडी और नुआपाड़ा में कौशल विकास केंद्र

169. श्रीमती मालविका देवी:

क्या कौशल विकास और उद्‌यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत युवाओं की सहायता के लिए कालाहांडी और नुआपाड़ा में स्थापित किए जाने वाले कौशल विकास केन्द्रों की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है;
(ख) कालाहांडी और नुआपाड़ा के बेरोजगार युवाओं की सहायतार्थ विशिष्ट कौशल विकास कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार द्‌वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और
(ग) उक्त जिलों में सामाजिक रूप से पिछड़े, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति को प्रोत्साहित करने के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कौशल विकास और उद्‌यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) कौशल विकास और उद्‌यमशीलता मंत्रालय, युवाओं को उद्‌योग संगत कौशलों से लैस करके रोज़गार के अवसर प्राप्त करने हेतु उनकी नियोजनियता को बढ़ाने के लक्ष्य से पूरे देश में युवाओं को पूर्व सिखलाई को मान्यता प्रदान करके लघु अवधि प्रशिक्षण (एस टी टी) और कौशल उन्नयन तथा पुन:कौशलीकरण के माध्यम से ओडिशा के कालाहांडी एवं नुआवपाडा ज़िलों सहित पूरे देश में कौशल विकास प्रशिक्षण देने के लिए वर्ष 2015 से अपनी प्रमुख योजना प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) कार्यान्वित कर रहा है ।

वर्ष 2023 से कार्यान्वित योजना के नवीनतम रूप, पी एम के वी वाई 4.0 के अंतर्गत, अभ्यर्थियों के बीच कौयाल विकास को बढ़ावा देने के लिए ऑनलाइन पोर्टल स्किल इंडिया डिजिटल हब के माध्यम से मान्यता और संबद्‌धता की प्रक्रिया द्‌वारा प्रशिक्षण केन्द्रों को

पैनलबद्ध करने के प्रयोजन से एक मांग आधारित दृष्टिकोण अपनाया गया है । 31.12.2024 को मौजूद स्थिति के अनुसार पी एम के वी वाई 4.0 के अंतर्गत एस टी टी प्रकार के प्रशिक्षणों में कौशल प्रदान करने के लिए ओडिशा में **01** प्रशिक्षण केन्द्र कालाहांडी जिले में पैनलबद्ध किया गया है और **03** प्रशिक्षण केन्द्रों को ओडिशा के नुआपाडा जिले में पैनलबद्ध किया गया है ।

(ख) पी एम के वी वाई योजना के अंतर्गत, वित्तीय वर्ष 2015-16 से वित्तीय वर्ष 2021-22 तक कार्यान्वित किए गए योजना के पहले तीन संस्करणों, पी एम के वी वाई 1.0, पी एम के वी वाई 2.0, पी एम के वी वाई 3.0 में लघु अवधि प्रशिक्षण घटक में नियोजनों को ट्रैक किया गया था । पी एम के वी वाई 4.0 के अंतर्गत, हमारे द्वारा प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को अपने भिन्न भिन्न कैरियर चुनने हेतु सक्षम बनाने पर ध्यान केन्द्रित किया गया था और वे इसके लिए उपयुक्त रूप से अभिमुख हैं । इसके अलावा स्किल इंडिया डिजिटल हब (सिद्ध) जैसे विभिन्न आई टी टूल भी यह अवसर प्रदान करते हैं ।

पी एम के वी वाई योजना के अंतर्गत, 31.12.2024 को मौजूद स्थिति के अनुसार ओडिशा के कालाहांडी ज़िले में कुल 14,343 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित / अभिमुख किया गया है, जिनमें से, 1386 अभ्यर्थियों को पी एम के वी वाई के पहले तीन संस्करणों के दौरान रोज़गार प्राप्त करने की रिपोर्ट प्राप्त हुई है । इसके अलावा, 5,338 अभ्यर्थियों को ओडिशा के नुआपाड़ा ज़िले में प्रशिक्षित / अभिमुख किया गया है, जिनमें से, 1028 अभ्यर्थियों को पी एम के वी वाई के पहले तीन संस्करणों के दौरान रोज़गार प्राप्त करने की रिपोर्ट प्राप्त हुई है ।

(ग) पी एम के वी वाई 4.0 के अंतर्गत, उद्योग संगत कौशलों को बढ़ावा दिए जाने के लिए राष्ट्रीय कौशल अर्हता संरचना (एन एस क्यू एफ)-संरेखित कोर्स चलाए जाते हैं । लघु अवधि प्रशिक्षण (एस टी टी) 300 से 600 घंटों तक के कोर्स करवाता है, जबकि पूर्व सिखलाई की मान्यता (आर पी एल) , 30 से 132 घंटों की अवधि के बीच कोर्स करवाकर आकलनों के माध्यम से पूर्व अनुभव अथवा कौशलों वाले अभ्यर्थियों को प्रमाणित करता है । यह पहलकदमी यह सुनिश्चित करती है कि युवा मूल्यवान कौशल प्रमाणन हासिल करे जिससे उनकी नियोजनीयता तथा कैरियर की संभावनाओं में सुधार हो सके ।

उक्त दो ज़िलों में पी एम के वी वाई योजना के अंतर्गत, 31.12.2024 को मौजूद स्थिति के अनुसार पी एम के वी वाई के पहले तीन संस्करणों के दौरान प्रशिक्षित / अभिमुख किए गए अनु जा / अनु ज जा अभ्यर्थियों द्वारा रोज़गार प्राप्त करने की रिपोर्ट का विवरण निम्नानुसार है :

ज़िला	अनु. जा. अभ्यर्थियों की संख्या		अनु. ज. जा. अभ्यर्थियों की संख्या	
	पी एम के वी वाई की शुरूआत से इसके अंतर्गत प्रशिक्षित / अभिमुख किए गए	पी एम के वी वाई के पहले तीन संस्करणों के अंतर्गत नियोजित की रिपोर्ट प्राप्त हुई	पी एम के वी वाई की शुरूआत से इसके अंतर्गत प्रशिक्षित / अभिमुख किए गए	पी एम के वी वाई के पहले तीन संस्करणों के अंतर्गत नियोजित की रिपोर्ट प्राप्त हुई
कालाहांडी	1562	222	1661	112
नुआपाड़ा	775	239	811	159

*****